रांची

हिन्दी दैनिक

# वनांचल आई

www.vananchaleye@gmail com

हर खबर पर पहली नजर

PRGI. NO,JHAHIN/2023/88773 | वर्ष:01 | अंक:47 | सोमवार,20 अक्टूबर | ₹5



### अवकाश की सूचना

दीपावली के अवसर पर वनांचल आई कार्यालय 20 अक्टूबर 2025 को बंद रहेगा। अतः अगला अंक 22 अक्टूबर को उपलब्ध होगा।

### ब्रीफ न्यूज

## एआईएमआईएम ने उतारे 25 उम्मीदवार



एजेंसी

पटना। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने रविवार को आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपने 25 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी। 243 सीटों वाली बिहार विधानसभा के लिए मतदान 6 नवंबर और 11 नवंबर को होगा, जबकि मतगणना 14 नवंबर को निर्धारित है। एआईएमआईएम ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एआईएमआईएम उम्मीदवारों के नाम इस प्रकार हैं। इंशाअल्लाह, हम बिहार के सबसे उत्पीड़ित लोगों की आवाज बनने की उम्मीद करते हैं।' पार्टी ने स्पष्ट किया कि यह सूची एआईएमआईएम की बिहार इकाई द्वारा राष्ट्रीय नेतृत्व के परामर्श से तैयार की गई है। इस सूची में सीवान से मोहम्मद कैफ, गोपालगंज से अनस सलाम, किशनगंज से एडवोकेट शम्स आगाज, मधुबनी से राशिद खलील अंसारी, और अररिया से मोहम्मद मंजूर आलम जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। इस बीच, शनिवार को कांग्रेस ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपनी दूसरी सूची जारी की, जिसमें नरकटियागंज, किशनगंज, कस्बा, पूर्णिया और गया टाउन विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम शामिल थे। पार्टी ने नरकटियागंज से शाश्वत केदार पांडे और किशनगंज से कमरुल होदा को मैदान में उतारा है। अन्य उम्मीदवारों में, इरफान आलम (कस्बा), जितेंद्र यादव (पूर्णिया) और मोहन श्रीवास्तव (गया टाउन) के नामशामिल हैं।

## सड़क हादसा में एक परिवार के चार लोगों की मौत



एजेंसी

रतपुर। राजस्थान के भरतपुर जिले में शनिवार को भीषण सड़क हादसे में एक दंपति और उनके दो बच्चों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अधिकारियों के अनुसार यह हादसा नदबई थाना क्षेत्र में लुहासा रोड पर तब हुआ जब तेज रफ्तार एसयूवी और मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर हो गई। उन्होंने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों में आग लग गई व एसयूवी पलट गई और पास के एक खेत में जा गिरी।



# रंग-बिरंगी रोशनी में जगमगा उठी राजधानी

## शहर की छतों से लेकर बालकनी तक झिलमिलातेझालरों ने बढ़ाई रौनक, बाजार में दिखी गहमागहमी

रांची,संवाददाता

सोमवार को दीपों का पर्व दीपावली है। कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष के अंधकार में प्रकाश का पर्व। अंधकार खत्म कर उजाला फैलाने के उत्साह का पर्व। हर्ष और उल्लास के साथ सुख-समृद्धि के लिए मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की आराधना का पर्व। इस अवसर पर राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड में दीप जगमगाएंगे। कहीं दीपों की माला तो कहीं झालरों की जगमगाहट होगी। फुलझारियों के प्रकाश के साथ-साथ पटाखों का शोर भी होगा। दीपावली के एक दिन पहले ही रविवार छोटी दिवाली की शाम से ही रांची की हर गली, हर सड़क रंग-बिरंगी रोशनी में जगमगा उठी। नजारा ऐसा कि छतों से लेकर बालकनी तक लटक रहे बिजली



के रंग-बिरंगे झिलमिलाते झालर घरों की रौनक में चार चांद लगा रहे। घर- बाहर महिलाओं की व्यस्तता पुरुषों में पूजा व सजावट के समान जुटाने की आपाधापी दिखी। दुकानों पर खरीदारों की भीड़ और बाजार में गहमागहमी का माहौल दिखा। दीपावली में बिजली की कमी से खुशियों में खलन ना पड़े, इसके लिए जेबीवीएनएल ने भी पूरी तैयारी कर रखी है। बिजली कर्मियों को अलर्ट मोड में रहने को कहा गया है। दीपावली के दौरान राजधानी के हर इलाके में निर्बाध बिजली उपलब्ध करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि अपनी परंपरा को स्मृति में लाएं तो जानकारी मिलती है कि इसी दिन भगवान राम 14 साल का वनवास काटकर अयोध्या लौटे थे और इनके स्वागत में अयोध्या में उस दिन असंख्य दीप जलाए गए थे थे। तब से दीपावली मनाई जाती है।

### दर्दनाक : गोड्डा जिले के सुंदरपहाड़ी के डाहूबेड़ा गांव में हुई घटना

# नहाने के दौरान ढही जलमीनार मलबे में दबे 5 बच्चे, दो की मौत

## पहाड़िया जनजाति के दो बच्चों की घटनास्थल पर ही चली गई जान, तीन घायल

संवाददाता

गोड्डा जिले के सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत डाहूबेड़ा गांव में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया। लगभग 30 साल पुरानी सीमेंट निर्मित पानी टंकी अचानक गिर गई। इससे जलमीनार के नीचे नहा रहे पांच बच्चे मलबे में दब गए। घटना के बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और बच्चों को बाहर निकालने की कोशिश करने लगे। टंकी के गिरने से दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। मृतकों की पहचान मेशानंद पहाड़िया (5)और धमेंद्र पहाड़िया (6) के रूप में हुई है। घायलों में चंदन पहाड़िया (4), मेशा पहाड़िया (5)



और गौरव पहाड़िया (5) शामिल हैं। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने बच्चों को मलबे से बाहर निकाला और तुरंत सदर अस्पताल भेजा। चिकित्सकों ने दो बच्चों को मृत घोषित कर दिया। चंदन व मेशा का इलाज सदर अस्पताल के आईसीयू वार्ड में किया जा रहा है, जबकि गौरव पहाडिया की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए भागलपुर केमायागंज अस्पताल भेजा गया है।सदर अस्पताल में डटे हैं। बच्चों के बेहतर इलाज को लेकर चिकित्सकों से सीधे संपर्क में हैं। अस्पताल में डीसी व एसपी के अलावा एसडीओ बैजनाथ उरांव, एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी सहित थानेदार दिनेश मोहली आदि पहुंचे। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. ताराशंकर झा ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को आईसीयू में भर्ती बच्चों का इलाज बेहतर तरीके से करने का भरोसा दिया है। सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. प्रशांत मिश्रा, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. अशोक मेहता व डॉ. नाजिरचौधरी को भी चिकित्सा में लगाया गया है।

### अस्पताल में डटे प्रशासनिक पदाधिकारी

सदर अस्पताल में डटे हैं। बच्चों के बेहतर इलाज को लेकर चिकित्सकों से सीधे संपर्क में हैं। अस्पताल में डीसी व एसपी के अलावा एसडीओ बैजनाथ उरांव, एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी सहित थानेदार दिनेश मोहली आदि पहुंचे। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. ताराशंकर झा ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को आईसीयू में भर्ती बच्चों का इलाज बेहतर तरीके से करने का भरोसा दिया है। सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. प्रशांत मिश्रा, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. अशोक मेहता व डॉ. नाजिरचौधरी को भी चिकित्सा में लगाया गया है।

### चौपाटी रेस्टोरेंट मालिक के मर्डर का मामला

# कई लोग हिरासत में, मुख्य आरोपी फरार, बिरयानी को लेकर विवाद में हुई थी हत्या



संवादाता

रांची के पॉश इलाकों में शुमार कांके रोड स्थित चौपाटी रेस्टोरेंट में शनिवार देर रात गोलियों की तड़तड़ाहत से गूंज उठा। दरसअल, रेस्टोरेंट के मालिक विजय बैठा की कुछ युवकों ने गोली मार हत्या कर दी थी। विजय बैठा की हत्या एक मामूली विवाद में कर दी गई। बताया जा रहा है कि वेज की जगह नॉन वेज बिरयानी पार्सल करने को लेकर रेस्टोरेंट मालिक की हत्या कर दी गई। हत्या की खबर मिलते ही रांची पुलिस रेस हो गई। ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में पुलिस मामले की जांच कर रही है। रविवार को कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। डिटेन किए गए लोगों से फिलहाल पुलिस पूछताछ कर रही है। इस मामलेमें एक अपराधी की पहचान हुई है। वह अभी फरार चल रहा है। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर बेहद आक्रोश देखा जा रहा है।

### शनिवार देर रात रेस्टोरेंट के मालिक विजय बैठा की कुछ युवकों ने गोली मारकर कर दी थी हत्या

# दुनिया विनाश की ओर जा रही, भारत दिखा सकता है रास्ता : मोहन भागवत

एजेंसी

मुंबई। प्राचीन काल में भारत के लोग संस्कृति और विज्ञान के प्रचार-प्रसार के लिए दुनिया भर में घूमें लेकिन इस दौरान उन्होंने कभी भी किसी पर न तो आक्रमण किया और न ही धर्मांतरण कराने में शामिल हुए. उक्त बातें आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को आर्य युग विषय कोश की शुरूआत के अवसर पर कही. भागवत ने कहा, यह हमारा कर्तव्य है कि हम ऐसे व्यक्ति की तरह बनें जिसके पास शास्त्र और शास्त्र दोनों हों - शक्ति और भक्ति दोनों. समय ने करवट ली है; दुनिया भर के लोगों को अब यह एहसास हो गया है कि वे जिन रास्तों पर चले हैं, वे विनाश की ओर ले जाते





हैं. वे हर रास्ता आजमाकर और अलग-अलग प्रयोग करके एक नया रास्ता खोज रहे हैं. भारत एक नया रास्ता पेश करता है और बुद्धिजीवियों को भारत से उम्मीदें हैं. हम जानते हैं कि सभी जुड़े हुए हैं और राहत पहुंचाना हमारा कर्तव्य है. लेकिन अगर कोई बाधा डालने की कोशिश करता है, तो हमारे पास शक्ति होनी चाहिए। मोहन भागवत ने कहा, मैंने पश्चिम के किसी व्यक्ति का एक लेख पढ़ा, जिसमें लिखा था कि दुनिया को पूर्व की ओर देखना चाहिए, खासकर भारत और उसके प्राचीन ग्रंथों की ओर. उन्होंने पतंजलि और वशिष्ठ का भी नाम लिया. दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि हमें इस मान्यता के लिए पश्चिम का संदर्भ लेना पड़ता है. लेकिन अब चीजें बदल रही हैं. हमें उस पर गर्व होना चाहिए जो हमारे पास था, हालांकि हम अपना इतिहास भूल गए हैं. सुखद बात यह है कि अब हम आगे बढ़ रहे हैं और याद कर रहे हैं कि हमारे पास क्या था। उन्होंने कहा कि कई आक्रमणकारियों ने हालांकि भारत को लूटा और दास बनाया और अंतिम बार आक्रमण करने वालों ने भारतीयों के मस्तिष्क को लूटा. भागवत ने कहा, हमारे पूर्वज मैक्सिको से साइबेरिया तक गए और विश्व को विज्ञान और संस्कृति से रूबरू कराया.

### बिहार चुनाव के लिए पीएम मोदी का प्रचार प्लान तैयार

# छठ पूजा पर 4 दिन में करेंगे 12 रैलियां

एजेंसी

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए पहले चरण की 121 सीटों पर प्रचार जोरों पर है। इस चुनाव में राजग और महागठबंधन के बीच सीधा मुकाबला है। छठ पूजा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चुनावी प्लान भी तैयार है। वे 24 अक्टूबर से 4 दिन में 12 रैलियां करेंगे। पीएम मोदी छठ पूजा से ठीक पहले बिहार का 4 दिवसीय चुनावी दौरा करेंगे। मोदी 24 अक्टूबर को आ रहे हैं और छठ पूजा 25 से शुरू होगी। इस तरह वे छठ पूजा के पहले 2 दिन बिहार में चुनाव प्रचार करते दिखाई देंगे। वे समस्तीपुर से अपने दौरे की शुरूआत करेंगे। यह दौरा बिहार विधानसभा चुनाव के लिए राजग



कार्यकताओं में जोश फूंकने का काम करेगा। राजग ने केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों की पूरी फौज उतार दी है। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अमित शाह एक्शन में नजर आ रहे हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रैलियां शुरू कर दी हैं। 40 स्टार करेंगे भाजपा का प्रचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत अन्य नेताओं के नाम शामिल हैं। 242 सीटों पर ही चुनाव लड़ेगा एनडीए : बिहार

### सराहनीय — दिवाली-छठ पर स्पेशल 44 ट्रेनें, 174 एक्स्ट्रा कोच जोड़े

# वंदे भारत में सीटें बढ़ीं : 19 अक्टूबर से 16 कोच के साथ दौड़ेगी हावड़ा-राउरकेला

एजेंसी

नई दिल्ली। छठ पर्व के लिए बिहार तक 44 स्पेशल ट्रेनें चलेंगी. यह जानकारी उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने दी. उन्होंने बताया कि दिवाली और छठ त्योहारों के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने की योजना है और इसके लिए रेलवे ने विशेष व्यवस्था की है. वर्तमान में मुंबई, पुणे, हावड़ा और बिहार के आस-पास के क्षेत्रों से 44 जोड़ी विशेष ट्रेनें चल रही हैं और अनुमति मिलने पर और ज्यादा ट्रेनें चलाने की तैयारी रेलवे विभाग की है. वहीं 60 रेगुलर ट्रेनों में 174 कोच जोड़े गए हैं.

भीड़ कंट्रोल के लिए किए गए ये उपाय : राजस्थान के जयपुर जिले के प्रमुखर रेलवे स्टेशनों पर भीड़ कम करने के लिए होल्डिंग



एरिया की व्यवस्था कर रहे हैं. इसके लिए स्टेशनों पर गैर-सरकारी संगठनों, स्काउट्स, गाइड्स और रेलवे सुरक्षा बल के स्वयंसेवकों को तैनात किया है. ट्रेन कंडक्टरों को भी खास ड्यूटी सौंपी है.लोगों को ट्रेन के रवाना होने के समय से पहले स्टेशन पर पहुंचने की सलाह है. जल्दी पहुंचने वालों को होल्डिंग एरिया में प्रतीक्षा करनी होगी. प्लेटफॉर्म पर टिकट की बिक्री अस्थायी रूप से रोक दी गई है, इससे भीड़ नियंत्रित होगी और सुरक्षित यात्रा को प्रोत्साहन मिलेगा. इस प्लानिंग के तहत चलाई गई हैं ट्रेनें : बता दें कि त्योहारी सीजन में रेलवे स्टेशनों पर भारी भीड़ को कंट्रोल करने के लिए उत्तर पश्चिमी रेलवे ने खास इंतजाम किए हैं. रेलवे के इस जोन के तहत राजस्थान, हरियाणा, गुजरात और पंजाब को कवर किया जाता है, लेकिन दिवालीऔर छठ सीजन में जोन काफोकस पूर्वी राज्यों बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंडऔर महाराष्ट्र के रूट्स पर होता है, जिसके लिए इस बार 44 स्पेशल ट्रेनें चलाई गई हैं, जो 1 अक्टूबर से चल रही हैं और 15 नवंबर 2025 तक चलती रहेंगी. जयपुर-बहराइच स्पेशल राजस्थान से पूर्वांचल के बीच चल रही है. अजमेर-गोरखपुर स्पेशल और बीकानेर-देवघर स्पेशल ट्रेनें जनरल कोचों के साथ चल रही हैं और टिकट

# दीपोत्सव : फूलों से सजी अयोध्या नगरी

एजेंसी

अयोध्या। दीपावली से पहले अयोध्या का नजारा बदल गया है। भगवान श्री राम की स्वागत के लिए अयोध्या नगरी को फूलों और दीपों से सजाया जा रहा है। जगह-जगह फूलों से पंडालों को सजाया जा रहा है और भक्तों को अयोध्या में अलग ही माहौल देखने को मिल रहा है। अयोध्या में दीपोत्सव के मौके पर अलग ही छठा देखने को मिल रही हैं। सीएम योगी के आगमन को देखते हुए सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए गए हैं। भक्त भी दूर-दूर से रामलला के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। खास बातचीत में गुजरात के वडोदरा से आए परिवार ने बताया कि उनके दर्शन बहुत अच्छे से हुए हैं क्योंकि प्रदेश में सीएम योगी और देश की कमान पीएम मोदी संभाल रहे



हैं। उन्होंने बताया कि अयोध्या को बहुत अच्छा सजाया गया है और दर्शन की भी विशेष सुविधा की गई है। दीपोत्सव के मौके पर अयोध्या नगरी में सुंदर-सुंदर झांकिया भी देखी गई। नाटक मंडली अलग-अलग वेश लेकर झांकिया निकाल रही है। इसके अलावा रथ पर भगवान श्रीराम के बाल कांड की प्रस्तुति की जाती है, जिसमें छोटे- छोटे बच्चे को राम और सियाा के रूप में देखा जा रहा है। अयोध्या नगरी का माहौल ऐसा है कि किसी का भी मन मोहित हो जाए। आज रविवार का दिन अयोध्या नगरी के लिए खास है क्योंकि सीएम योगी अयोध्या आने वाले हैं ।

# रांची में वेज की जगह चिकन बिरयानी देने पर रेस्टोरेंट मालिक की गोली मारकर हत्या, लोगों ने कांके रोड किया जाम

संवाददाता । रांची

रांची के कांके रोड स्थित चौपाटी रेस्टोरेंट में संचालक विजय नाग की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया और आरोपी अभिषेक की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस के अनुसार, वेज बिरयानी की जगह चिकन बिरयानी देने पर विवाद हुआ, जिसके बाद अभिषेक ने गोली मार दी। पुलिस जल्द गिरफ्तारी का दावा कर रही है।





जागरण संवाददाता, रांची। रांची के कांके रोड स्थित चौपाटी रेस्टोरेंट में शनिवार की रात रेस्टोरेंट संचालक विजय नाग की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना के विरोध में रविवार को स्थानीय लोगों ने कांके में सड़क जाम कर दिया।प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि आरोपित अभिषेक को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। पुलिस के आश्वासन के बाद लोग सड़क से हटे, लेकिन चेतावनी दी कि यदि आरोपी की गिरफ्तारी जल्द नहीं हुई, तो वे दोबारा सड़कों पर उतरेंगे।पुलिस के अनुसार, शनिवार रात अभिषेक अपने साथियों के साथ रेस्टोरेंट से वेज बिरयानी पैक कराकर ले गया था, लेकिन गलती से कर्मचारियों ने उसे चिकन बिरयानी दे दी।बिरयानी लेकर गए अभिषेक और दो अन्य युवक कुछ देर बाद रेस्टोरेंट लौटे और बिरयानी बनाने वाले कर्मचारी के बारे में पूछने लगे। उसी समय रेस्टोरेंट संचालक विजय नाग खाना खा रहे थे।उनसे पूछा कि क्या बात है। इतना पूछते ही एक युवक, जिसने अपना नाम अभिषेक बताया, संचालक से गाली-गलौज करने लगा।

देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई कि अभिषेक ने विजय नाग को गोली मार दी और तीनों युवक मौके से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि अभिषेक अक्सर इस रेस्टोरेंट में आता था।पुलिस का दावा है कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# अंजुमन इस्लामिया रांची के चुनाव में हवारी पंचायत भी प्रत्याशी उतारेगा - मो. इसलाम

संवाददाता । रांची

जमीअतुल हवारीन झारखंड के तत्वावधान में जमीअतुल हवारीन झारखंड के अध्यक्ष मो. इसलाम की अध्यक्षता में हुई आवश्यक बैठक में तमाम हवारी पंचायत के प्रमुख पदाधिकारीगण बैठक में भाग लिए जिसमें जमीअतुल हवारीन झारखंड के मो. इसलाम, मरकजी हवारी पंचायत से मो. शहजाद, चौधरी हवारी पंचायत से मो. जमील, जमीअतुल हवारीन जम्हूरी पंचायत से मो. वसीम, मिल्लत हवारी पंचायत से मो. सलीम(बड़गाई), यूथ हवारी पंचायत से मो. साकिब, जमीअतुल हवारीन पंचायत डोरंडा से जफर आलम, जम्हूरी हवारी पंचायत से मो. सलीम ( लालपूर ), हवारी राब्ता कमिटी से मो. आजाद,हवारी मस्जिद कमिटी से हाजी अहमद,वली हवारी पंचायत से परवेज आलम ( गुड्डू ), सीनियर हवारी पंचायत डोरंडा से



मो. शाहिद,बतहा हवारी पंचायत डोरंडा से महमूद आलम,कासिम हवारी पंचायत से मो. आमिर, डोरंडा हवारी पंचायत से मो.एहतेशाम हवारी मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जमीअतुल हवारीन झारखंड के अध्यक्ष मो. इसलाम ने कहा कि अंजुमन इस्लामिया रांची के चुनाव में पूर्व से ही हवारी पंचायत की अनदेखी की गई है इसलिए इस बार के अंजुमन के चुनाव में हवारी पंचायत से भी प्रत्याशी खड़ा किया जाएगा। मो. इसलाम ने आगे कहा कि अंजुमन के चुनाव में जातिवाद को बढ़ावा नहीं दिया जाना चाहिए बल्कि कोशिश यह हो कि मुस्लिम समाज के हर पंचायत का प्रतिनिधित्व अंजुमन इस्लामिया रांची में हो।मो. इसलाम ने जोर देकर कहा कि लोग वैसे प्रत्याशी को चुनें जो साफ-सुथरे छवि के साथ - साथ पढ़े-लिखे व्यक्तित्व का मालिक हो साथ ही साथ जातिवाद से ऊपर उठकर सभी के लिए सामाजिक, शैक्षणिक , आर्थिक, राजनीतिक विकास की सोच रखता हो।उन्होंने आगे कहा कि अंजुमन सभी लोगों का है इसलिए अंजुमन के चुनाव में इस बात का ख्याल जरुरी है कि अंजुमन इस्लामिया रांची में मुस्लिम समाज के प्रत्येक पंचायत का प्रतिनिधित्व हो। बैठक में विभिन्न हवारी पंचायत के प्रमुख प्रतिनिधियों ने भी तमाम बातों पर अपनी सहमति जताई एवं कहा कि प्रत्येक हवारी पंचायत के अध्यक्षों की यह जिम्मेवारी है कि समय से पहले अंजुमन के चुनाव से सम्बंधित सदस्यता फार्म भरकर अंजुमन के कार्यालय में जमा कर दें।बैठक में मो. शमीम एडवोकेट, जावेद अख्तर, इंजीनियर वहाब दानिश,मो. परवेज,मो. जुबैर,राजू,हाजी मो.हलीम,मो. सलीम,मो. मंजूर,मो. तबारक,मो. कलीम,मो. समीउल्लाह सहित विभिन्न हवारी पंचायत के प्रमुख प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित थे। सामूहिक दुआ के बाद बैठक समाप्त किया गया।

## आयुर्वेद प्राचीनतम और विश्वसनीय चिकित्सा पद्धति : विधानसभा अध्यक्ष



संवाददाता । रांची

रांचीः धनवंतरी दिवस के अवसर पर बोकारो के बियाडा हाउसिंग कॉलोनी में झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने निवार्णा आयुर्वेद क्लीनिक का उद्घाटन किया ।आयुर्वेद क्लीनिक के उदघाटन पर संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा की आयुर्वेद हमारी जड़ों और संस्कार से जुड़ा हुआ है ।हम सब गर्व से कह सकते हैं की यह संपूर्ण विश्व की सबसे प्राचीनतम और विश्वसनीय चिकित्सा पद्धति है ।यह एक ऐसी पद्धति है जो किसी भी बीमारी को जड़ से समाप्त करती है ।अब लोगों की रुचि फिर से अपने इस पद्धति को ओर खीच रहा है , और तो और पूरे विश्व में भी इसकी तरफ रुझान बढ़ा है ।उन्होंने इस केंद्र की संचालक नीना नारायण और आराधना कुमार को बधाई और शुभकामनाएं दिया ।उद्घाटन कार्यक्रम में पूर्व विधायक बिरंची नारायण, विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगरनाथ शाही , कांग्रेस जिला अध्यक्ष जवाहर लाल माहथा, झामुमो जिलाध्यक्ष डॉक्टर रतनलाल मांझी, भाजपा नेता कमलेश राय,झामुमो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव, भाजपा महामंत्री संजय त्यागी, झामुमो के पूर्व जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी और शहर के गण्यमान लोग उपस्थित थे ।

# झारखंडः राँची पुलिस की बड़ी कार्रवाईः ब्राउन शुगर सप्लाई करते एक तस्कर को दबोचा, 7.5 लाख का माल बरामद




संवाददाता । रांची

दिनांक-19.10.25 को समय करीब 1-2 बजे पूर्वाहन में वरीय पुलिस अधीक्षक राँची को गुप्त सूचना मिला कि हिन्दपीढ़ी थाना अन्तर्गत छोटा तालाब के पास कुछ असमाजिक तत्व के लोगों द्वारा (अवैध मादक पदार्थ) ब्राउन शूगर सफ्लाई किया जा रहा है।इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक नगर के नियंत्रण में पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली, राँची के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर छापामारी किया गया।इसके बाद टीम में हिन्दपीढ़ी थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य कर्मी के द्वारा छोटा तालाब के पास टीम पहुँचा।वहाँ पहुँचने पर तीन व्यक्ति को बातचीत करते हुए पाया गया।जो पुलिस को देखकर भागने लगा।इस पर पुलिस के द्वारा दौड़ा कर एक युवक को पकड़ा और उनसे नाम पता पूछने पर अपना नाम मो० राजू(उम्र 30 वर्ष) पिता स्व० अब्दुल अजीज सा०-नेजाम नगर, गोसुलवारा मस्जिद के सामने थाना हिन्दपीढ़ी बताया।इसके बाद उनका विधिवत तलाशी लेने पर मो० राजू के पैंट से बॉये पॉकेट से एक प्लास्टिक में भूरा रंग का ब्राउन शूगर बरामद किया गया।जिसका वजन कराने पर 37.91 ग्राम पाया गया। उसके बाद आगे इनसे पूछताछ करने पर बताया कि दोनों भागने वाले का पाया मो० आकिब अख्तर उर्फ आकिब 2. शाहिल नवाज उर्फ वसीम मात अलकमर प्रवीण पता-छोबी गली नियर छोटी मस्जिद, दोनों हिन्दपीढ़ी रॉची बताया।इसके बाद आगे इनसे ब्राउन शूगर के बारे में पूछताछ करने पर बताया कि ये बबन साह उर्फ मौसा जी, पिता नामालुम एवं सूरज कुमार साह पिता-बबन साह उर्फ मौसा जी पता-खरारी सासाराम बिहार से ब्राउन शूगर खरीद कर लाते है और साकिब अख्तर उर्फ आकिब एवं साहिल नवाज उर्फ वसीम को देने आये थे।इसके बाद मो० राजू को हिरासत में लिया गया और अग्रतर कार्रवाई हेतु थाना ले जाया गया।

## जामताड़ा में डॉ.इरफान अंसारी की अनोखी पहल
## दीपावली पर साड़ी व मिठाई बांटकर फैलाया भाईचारे का उजाला

संवाददाता । रांची

हर घर में खुशहाली लाना ही मेरा संकल्प—दीपावली पर मंत्री इरफान अंसारी ने रचा सामाजिक सौहार्द का नया अध्याय !

20 साल के दर्द से मिली राहत—हेमंत सरकार दे रही विकास का सीधा लाभ : डॉ. इरफान अंसारी !



चंद्रढीपा में उमड़ा जनसैलाब—डॉ. इरफान जिंदाबाद के नारों से गूंजा पूरा इलाका !झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने दीपावली के पावन अवसर पर जामताड़ा के चंद्रढीपा में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में समाज में भाईचारे, एकता और सौहार्द का संदेश देते हुए सैकड़ों बहनों एवं माताओं के बीच साड़ी और मिठाई का वितरण किया।इस कार्यक्रम ने न केवल त्योहार की खुशियों को साझा करने का कार्य किया, बल्कि समाज के उपेक्षित तबकों तक भी प्रेम और समानता की रौशनी पहुंचाई ।कार्यक्रम में उपस्थित अपार जनसमूह के बीच मंत्री जी का स्वागत जोश और उत्साह के साथ किया गया। पूरा इलाका डॉ. इरफान जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। डॉ. अंसारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की मेरी यही कामना है कि दीपावली हर घर में खुशियाँ लेकर आए।सभी लोग नए वस्त्र पहनें, मिठाई बांटें, पटाखे फोड़ें और इस पर्व को बिना किसी भेदभाव के मिल-जुलकर मनाएं। यही असली भारत की तस्वीर है ।उन्होंने कहा कि त्योहार किसी एक धर्म का नहीं, बल्कि मानवता का उत्सव होते हैं, और हमें ऐसे मौकों पर समाज में प्रेम, एकता और समानता का संदेश फैलाना चाहिए ।डॉ.अंसारी ने आगे कहा कि जो लोग धर्म के नाम पर समाज को बांटने की कोशिश करते हैं, उन्हें समाज से जवाब मिलना चाहिए और वह जवाब है एकता और भाईचारा। मंत्री जी ने दीपावली एवं छठ पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा की हर घर में खुशहाली लाना ही मेरा संकल्प है। मैं हर साल चंद्रढीपा आता हूं क्योंकि यहां के लोगों का स्नेह ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। यह इलाका मेरे दिल के बहुत करीब है। आदिवासी और मूलवासी समाज ने हर परिस्थिति में मेरा साथ दिया है, मैं उनके विश्वास का ऋणी हूं। डॉ.अंसारी ने राज्य सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा की आज झारखंड में हेमंत सोरेन जी की सरकार गरीबों, मजदूरों और किसानों की सरकार है। 20 वर्षों का जो दर्द जनता ने झेला था, उससे अब मुक्ति मिल रही है।

# जीपीएस उर्दू खजूरटोली में, भारतीय दर्शन गंगा जमुनी संस्कृति पर जोर देता है, जिसमें सभी धर्म और समुदाय शामिल हैं। यह विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश बेथा, विधायक, कांके के कार्यों से स्पष्ट है।

- कांके विधायक श्री सुरेश बेथा ने जीपीएस उर्दू खजूरटोली में छात्रों को पहचान पत्र वितरित किए और पुस्तकालय संग्रह का उद्घाटन किया।

संवाददाता । रांची

आज, 19 अक्टूबर, 2025 को, मुख्य अतिथि माननीय श्री सुरेश बेथा, विधायक, कांके विधानसभा, रांची ने छात्रों को पहचान पत्र वितरित किए और राजकीय उर्दू प्राथमिक विद्यालय, कांके, रांची में पुस्तकालय संग्रह का उद्घाटन किया। केजी से पांचवीं कक्षा तक के लगभग 200 छात्रों को पहचान पत्र वितरित किए गए।इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि कांके विधायक श्री सुरेश बेठा ने कहा कि जीपीएस उर्दू खजूरटोली स्कूल के बारे में जो कुछ कहा गया उससे ऐसा लगता है कि यह सभी समुदायों को एकजुट करके चल रहा है, यह स्कूल प्रमुख की सबसे बड़ी उपलब्धि है और भारत की सोच सभी जातियों, धर्मों, समुदायों और गंगा जमनी संस्कृति को मजबूत करती है।यह सुनकर अच्छा लगा कि उर्दू स्कूल में सभी विषय पढ़ाए जाते हैं, स्कूल के छात्रों की आज की प्रस्तुति ने साबित कर दिया कि यह स्कूल हर दूसरे स्कूल से अलग है। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ, झारखंड



राज्य के प्रधानाध्यापक और मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने स्कूल का स्वागत किया और स्कूल के बारे में व्यापक जानकारी देते हुए कहा कि छात्रों का शैक्षणिक प्रदर्शन उत्कृष्ट है, उनकी प्रतिभा और शैक्षणिक स्तर बहुत ऊंचा है। उन्होंने छात्रों के लिए बैठने की जगह की कमी की ओर इशारा करते हुए स्कूल की समस्याओं पर प्रकाश डाला और दो नए कमरों के निर्माण की मांग की जीपीएस उर्दू खजूरटोली स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रतिस्पर्धा के इस युग में शिक्षा, खेल और संगीत का जो स्तर हासिल किया है, वह सराहनीय है। लोग अक्सर सरकारी स्कूलों को कमतर आंकते हैं, लेकिन यहां के बच्चों ने आज के कार्यक्रम और प्रस्तुति के माध्यम से यह साबित कर दिया कि वे किसी भी तरह से कम नहीं हैं। बैठक में कक्षा पांच की छात्रा सज्जा परवीन को विधायक सुरेश बेता का चित्र भेंट किया गया। विधायक ने उपस्थित विद्यार्थियों के बीच पुरस्कार स्वरूप 500 रुपये वितरित किए।कक्षा पांच के कार्तिक मुंडा ने झरनों के शहर के बारे में बताया। छात्रा सादिया परवीन ने स्वच्छता पर अंग्रेजी में बात की। कक्षा चार के छात्र मंतेश परवीन ने ''मेरा स्कूल'' विषय पर अंग्रेजी में बात की। स्कूल के कई अन्य विद्यार्थियों ने भी मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। बैठक में विनोद कुमार रजक, मनोज महतो, शादाब कैसर, अशरफ अंसारी, अवधेश बेता, कृष्णा प्रसाद अजय ज्ञानी, इंद्रनाथ कुमार, विजय कुमार, शिक्षक शहजाद, सुभाष उरांव, शमशाद बेगम, कुद्दुस अंसारी, मो. फारूक, कबीरुद्दीन अंसारी आदि उपस्थित थे।

# ब्रीफ न्यूज

## बिहारः टिकट नहीं मिलने से नाराज राजद नेता का कुर्ता फाड़ प्रदर्शन



संवाददाता । रांची

बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर के जिस तरीके से सरगर्मी में बढ़ रही है, उसी प्रकार तरह-तरह की खबरें भी सामने आ रही है. चाहे कोई भी राजनीतिक दल हो, टिकट वितरण में गड़बड़ी के आरोप से वह अछूता नहीं है. ताजा मामला आरजेडी से जुड़ा हुआ है. जहां टिकट नहीं मिलने पर नाराज राजद के कार्यकर्ता और नेता मदन शाह ने राबड़ी आवास के सामने कुर्ता फाड़ प्रदर्शन किया !

## चैंबर ने राजधानी में लचर विधि व्यवस्था पर चिंता जताई

संवाददाता । रांची

रांची। कांके थाना क्षेत्र के रेस्टोरेंट संचालक की हत्या पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स ने राजधानी में लचर विधि व्यवस्था पर आपत्ति जताई और घटना में दोषियों के विरुद्ध सख्त एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधिकारियों से तत्काल वार्ता की। त्यौहारी सीजन में लगातार घटित घटनाओं पर चिंता जताते हुए आज चैम्बर भवन में पदाधिकारियों की बैठक भी हुई जिसमें कहा गया कि ऐसी घटनाओं से आमजन विशेषकर व्यापारी वर्ग शशंकित है। महासचिव रोहित अग्रवाल ने कहा कि पुलिस प्रशासन की तत्परता के बावजूद राजधानी में दिनदहाड़े हत्या और गोलीकांड जैसी घटनाएं यह दशार्ती हैं कि अपराधियों में प्रशासन का भय व्याप्त नहीं है। जिला पुलिस प्रशासन को अपराधियों में खौफ बनाने के लिए कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। चैम्बर भवन में संपन्न हुई बैठक में अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया, महासचिव रोहित अग्रवाल, सह सचिव नवजोत अलंग और कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल उपस्थित थे। विदित हो कि लॉ एंड आर्डर उप समिति के चेयरमैन मुकेश अग्रवाल ने घटनास्थल पर पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों से सख्त कार्रवाई की मांग की।

## छठ पर्व को लेकर साफ सफाई का निरीक्षण किया



संवाददाता । रांची

रांची। रांची। छठ महापर्व को लेकर इटकी प्रखण्ड के केशरी तालाब में साफ-सफाई और तैयारी कार्यों का निरीक्षण किया।श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रात्रि में प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा कर आर्थिक सहयोग दिया। इस मौके पर सीओ अनीस अंसारी, अबू माज, राजन, शिशु गोप, अजीत केशरी, कामेश वर्मन, लखन लकड़ा, अजय गोप, मनोज गोप सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। #आपकाबंधु

## जमीयत उलेमा तेलंगाना के अध्यक्ष हाजी हाफिज पीर शब्बीर अहमद का निधन दुखद है

संवाददाता । रांची

नई दिल्ली, 19 अक्टूबरः जमीयत उलेमा हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी और महासचिव मौलाना मुहम्मद हकीमुद्दीन कासमी ने जमीयत उलेमा तेलंगाना के अध्यक्ष हाजी हाफिज पीर शब्बीर अहमद के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।दिवंगत हाजी लंबे समय तक जमीयत उलेमा हिंद की कार्यकारी परिषद के सम्मानित सदस्य रहे और 1993 से लगातार जमीयत उलेमा आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के सक्रिय और गतिशील अध्यक्ष रहे। वे जमीयत के सक्रिय और ईमानदार सैनिकों में से एक थे, जिन्होंने दक्षिण भारत में जमीयत की विचारधारा को बढ़ावा देने और इसकी इकाइयों को संगठित और विस्तारित करने में प्रमुख भूमिका निभाई। उन्होंने सामाजिक सुधार, धर्मत्याग के दमन, खत्म-ए-नबूव्वत के विश्वास के संरक्षण, हिंदू-मुस्लिम एकता, राहत और पुनर्वास के क्षेत्र में भी कई सेवाएं दीं।

उनके जीवन का एक उज्ज्वल अध्याय आंध्र प्रदेश राज्य में शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में मुसलमानों के लिए आरक्षण के प्रावधान से जुड़ा है। यह सच्चर समिति की रिपोर्ट के आलोक में जमीयत उलेमा-ए-हिंद की लंबे समय से चली आ रही मांग का व्यावहारिक कार्यान्वयन है।हालाँकि बाद में उच्च न्यायालय ने इस पर स्थगन आदेश जारी कर दिया, लेकिन जमीयत उलेमा-ए-हिंद द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में दायर संवैधानिक याचिका के कारण यह आरक्षण आज भी लागू है।इसके परिणामस्वरूप, तीन लाख से अधिक मुस्लिम युवाओं को रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में लाभ हुआ है - और अल्लाह उनके साथ है।हाफि ज साहब ने राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में भी बहुमूल्य सेवाएँ दीं। वे कांग्रेस पार्टी से विधान परिषद सदस्य और हज समिति के अध्यक्ष रहे, और इन पदों पर रहते हुए भी उन्होंने इस्लामी राष्ट्र की सेवा को अपना मिशन बना लिया। हालाँकि वे लंबे समय तक बीमार रहे, फिर भी उन्होंने जमीयत उलेमा-ए-हिंद और उसके आदर्शों को हमेशा अपने दिल के करीब रखा। उनका पूरा जीवन ईमानदारी, लगन और धर्म की सेवा में बीता। निःसंदेह, जब ऐसी हस्ती इस दुनिया से चली जाती है, तो एक बड़ा शून्य पैदा होता है। जमीयत उलेमा-ए-हिंद इस शून्य को गहराई से महसूस कर रही है और उनके जाने को राष्ट्र के लिए एक बड़ी क्षति मानती है।

इस अवसर पर, जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष ने दिवंगत के पूरे परिवार, विशेष रूप से साहिबजादा आदरणीय हाफि ज पीर खालिक साबिर, नाज़िम-ए-आला जमीयत उलेमा-ए-तेलंगाना, पीर इरशाद अहमद और पीर मुनीर अहमद सहित सभी रिश्तेदारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है और धैर्य और धैर्य की प्रार्थना करते हुए कहा है कि हम सभी इस दुःख में समान रूप से भागीदार हैं और आपकी तरह ही संवेदना के पात्र हैं।जमीयत उलेमा-ए-हिंद के सभी मित्रों, सहयोगियों और धार्मिक संस्थाओं के प्रमुखों से अनुरोध है कि वे दिवंगत के लिए क्षमा प्रार्थना और सत्कार पहुँचाने के लिए विशेष व्यवस्था करें। अल्लाह तआला दिवंगत हाफि ज साहब को जन्नत में उच्च स्थान प्रदान करें। आमीन या सारे जहान के पालनहार।

# विधायक प्रदीप प्रसाद के प्रयासों से जर्जर सड़कों पर लौटी रौनक

हजारीबाग, संवाददाता



**हजारीबाग** नगर निगम क्षेत्र की सड़कों की बदहाली लंबे समय से जनता की सबसे बड़ी समस्या रही है। शहर के कई प्रमुख मार्गों पर गड्ढों, जलजमाव और कीचड़ ने लोगों का जीना दूभर कर दिया था। आम नागरिकों से लेकर विद्यार्थियों, दुकानदारों, रिक्शा चालकों और वाहन चालकों तक, सभी इस स्थिति से परेशान थे। शहर के विकास का चेहरा मानी जाने वाली सड़कें, बदहाली का प्रतीक बन चुकी थीं।

इन परिस्थितियों में क्षेत्र के विधायक प्रदीप प्रसाद ने जनता की तकलीफ को समझा और बार-बार नगर निगम, जिला प्रशासन और राज्य सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित किया। जब कई बार निवेदन के बावजूद सुधार कार्यों में गति नहीं आई, तब उन्होंने जनता की भावना को व्यक्त करते हुए लेपो रोड पर बैल से हल जोत कर एक अनोखे और प्रतीकात्मक विरोध का मार्ग अपनाया।वह विरोध केवल प्रतीक नहीं था। वह उस आक्रोश, पीड़ा और उम्मीद की आवाज थी, जो हर हजारीबाग वासी के दिल में थी। विधायक प्रदीप प्रसाद का यह कदम जनता की भावनाओं से सीधा जुड़ा, और उस आवाज ने पूरे क्षेत्र में चर्चा और प्रशासनिक चेतना दोनों को जगाया।आज वह संघर्ष और निरंतर प्रयास रंग ला रहे हैं।लेपो रोड सहित नगर निगम क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण सड़कों का पुनर्निर्माण पूर्ण हो चुका है। जहाँ कभी गड्ढे और कीचड़ थे, वहाँ अब पक्की, स्वच्छ, और सुगम सड़कें हैं।नागरिकों को अब राहत की अनुभूति हो रही है।यह केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि हजारीबाग की जनता की सामूहिक जीत है।इस अवसर पर विधायक श्री प्रदीप प्रसाद ने कहा कि, जब जनता की आवाज को ईमानदारी से उठाया जाता है, तो नतीजे अवश्य मिलते हैं। यह सड़कों का पुनर्निर्माण केवल विकास नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और जनशक्ति की जीत है। हमेशा जनता की समस्याओं को अपनी जिम्मेदारी माना है, और आगे भी जनहित से जुड़े हर मुद्दे को उतनी ही मजबूती से उठाता रहूंगा।उन्होंने आगे कहा कि यह कार्य जनता, प्रशासन और जनप्रतिनिधि तीनों के समन्वय का परिणाम है। नगर निगम और संबंधित विभागों ने जिस तत्परता से सड़क निर्माण कार्यों को पूरा किया, वह सराहनीय है। उन्होंने इन सभी अधिकारियों और कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में भी हजारीबाग के विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा।प्रदीप प्रसाद ने बताया कि नगर निगम,ठल्ल सड़कों, नालों और जल निकासी व्यवस्था के सुधार हेतु भी योजनाएँ तैयार की जा रही हैं। आने वाले चरणों में शहरी क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों को भी दुरुस्त किया जाएगा।साथ ही उन्होंने कहा कि हजारीबाग के नागरिकों की सुविधा और सम्मान मेरी प्राथमिकता है। जनता का विश्वास ही मेरी ताकत है और जनता की सेवा ही मेरा धर्म। हजारीबाग के विकास की इस यात्रा में हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। हम सब मिलकर अपने शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और समृद्ध बनाएंगे।अंत में उन्होंने जनता से अपील की कि नए निर्मित सड़कों और सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता एवं सुरक्षा में सभी लोग सहभागी बनें ताकि विकास के ये प्रयास लंबे समय तक टिके रहें और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर हजारीबाग का निर्माण हो सके।

## गिद्दी रिवर साइड पुल बनेगा नया यह मुद्दा जनहित का है और मैं जनता के साथ हूँ: जयंत सिन्हा

हजारीबाग, संवाददाता



**हजारीबाग :** और रांची मार्ग के मध्य रामगढ़ के समीप स्थित गिद्दी रिवर साइड पुल वर्षों से लाखों लोगों के आवागमन का प्रमुख मार्ग रहा है। वर्तमान में लेकिन इस पुल की हालत काफी जर्जर हो गयी है। हजारीबाग के पूर्व सांसद जयंत सिन्हा कई वर्षों से प्रशासन के समक्ष इस मुद्दे को उठाते आ रहे हैं। विगत 14 सितम्बर को हजारीबाग से रांची जाने के दौरान उन्होंने पुनः पुल की जर्जर हालत को लेकर हजारीबाग और रामगढ़ जिला प्रशासन व कोल इंडिया के समक्ष यह मुद्दा उठाया था।जयंत सिन्हा वर्षों से इस मामले को जिला प्रशासन के समक्ष रख रहे हैं। उन्होंने अक्टूबर, 2022 में इस पुल का निरीक्षण कर सिविल इंजीनियर और जीएम को पुल की मजबूती और संरचना की जांच करने के निर्देश दिए थे, जिसकी रिपोर्ट आज तक जनता के समक्ष प्रस्तुत नहीं की गयी है। उन्होंने नवंबर, 2023 में भी पुनः गिद्दी पुल का निरीक्षण कर जल्द से जल्द इसकी मरम्मत करवाने के लिए निवेदन किया था। इसके उपरांत फरवरी, 2025 में भी इस मामले को उठाया।जयंत सिन्हा ने झारखंड के मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार जी, हजारीबाग और रामगढ़ के उपायुक्त और कोल इंडिया के चेयरमैन श्री पी. एम. प्रसाद जी को पत्र के माध्यम से भी इस विषय में अवगत कराते हुए पुल की मरम्मत शीघ्र कराने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने कोल इंडिया के चेयरमैन से लगातार बात की। कोल इंडिया ने जयंत सिन्हा को आश्वस्त किया कि गिद्दी रिवर साइड पुल की मरम्मत होना या नए पुल का निर्माण किया जाना बेहद आवश्यक है। इस निर्माण में जो भी लागत आएगी उसके लिए कोल इंडिया 50 प्रतिशत राशि मुहैया करवाने को तैयार है। बाकी राशि राज्य सरकार के द्वारा दी जाएगी।यह बेहद खुशी की बात है कि जयंत सिन्हा का प्रयास रंग लाया है। पथ निर्माण विभाग जल्द नए पुल का निर्माण शुरू करने जा रहा है। साथ ही वर्तमान पुल की मरम्मत भी की जाएगी। अरगड्डा महाप्रबंधक श्री एस के झा जी ने वर्तमान पुल का निरीक्षण करने के दौरान यह आधिकारिक सूचना दी है। जयंत सिन्हा द्वारा किया गया यह कार्य मानवता और अपने लोगों की सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है और सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।जयंत सिन्हा ने कहा कि इस पुल की मजबूती अब पहले जैसी नहीं रही है। पुल में जगह-जगह दरारें आ गई हैं और लोहे की सरिया तक नजर आने लगी है। इस पुल से रोजाना हजारों लोग काम पर जाते हैं, बच्चे स्कूल जाते हैं और भारी ट्रक और बसें भी इसी रास्ते से गुजरती हैं। हम सब जानते हैं कि देश के कई हिस्सों में जब पुलों की मरम्मत को नजरअंदाज किया गया, तो कितनी बड़ी दुर्घटनाएँ हुईं हैं, जिनमें निर्दोष लोगों की जानें गईं। हम ऐसी त्रासदी को यहाँ दोहराने नहीं दे सकते। इसीलिए मैं लगातार इस मामले को उठा रहा हूँ।

## संक्षिप्त समाचार

### जमुनियातरी में सड़क, बिजली और पानी का मामला विधानसभा में उठाऊंगा : मनोज यादव



**चौपारण (हजारीबाग) :** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र जमुनियातरी में हाल ही में बिरहोर छात्रा सरस्वती कुमारी के आकस्मिक निधन के पाँचवे दिन,बरही विधायक मनोज कुमार यादव उनके शोकसंतप्त परिवार से मिलने पहुँचे। उन्होंने परिवार को ढाढ़स बंधाया और दुख की इस घड़ी में अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। विधायक श्री यादव ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग प्रदान किया और इस क्षेत्र में बसे बिहरहोर परिवार के लोगों के साथ दीपावली की खुशियाँ भी साझा कीं। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंदों के बीच कंबल और मिठाई का वितरण भी किया।जमुनियातरी पहुँचने पर ग्रामीणों ने विधायक के सामने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को रखा। ग्रामीणों की मांग पर विधायक मनोज यादव ने आश्वासन दिया कि वह आगामी विधानसभा सत्र में जमुनियातरी में बिजली, पानी और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव का मामला पुरजोर तरीके से उठाएंगे।ज्ञात हो कि जमुनियातरी आदिम जनजाति के लोगों का निवास स्थान है और यहां रहने वालों को मुख्य मार्ग तक पहुँचने के लिए लगभग सात किलोमीटर की पैदल दूरी बिहार के जंगली पगडंडी मार्ग से होकर चोरदाहा पहुँचना पड़ता है। गांव तक पहुंचने के लिए कोई समुचित सड़क मार्ग नहीं है। विधायक मनोज यादव बाइक पर सवार होकर भाजपा कार्यकताओं के साथ जमुनियातरी पहुँचे थे। मौके पर भाजपा नेता रामस्वरूप पासवान,पूर्व मुखिया सुखदेव पासवान, मुखिया प्रतिनिधि बैजनाथ गंझू, राजकुमार यादव, कृष्णा पासवान, परमेश्वर यादव, रामबृक्ष यादव, प्रभात यादव, रंजीत प्रजापति, बंशी यादव, शिक्षक जग्गू यादव, सन्नी पासवान, शत्रुधन पासवान के साथ-साथ महेश बिरहोर, ब्रह्मदेव बिरहोर, विजय बिरहोर और शंकर बिरहोर जैसे स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे

### श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होकर एनएचआरए टीम ने दी श्रद्धांजलि



**बरही (हजारीबाग) :** राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के गिरिडीह जिला अध्यक्ष दीपक कुमार के पिता एवं उनके चाचा के निधन पर उनके पैतृक गांव चतरो में आयोजित शोक सभा सह श्राद्ध कार्यक्रम में राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन की टीम शामिल होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार, राष्ट्रीय महासचिव संजय सुमन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, प्रदेश संगठन सचिव बिपिन बिहारी पांडेय ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की एवं मृतक के आत्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि दिवंगत आत्मा की व्यक्तित्व एवं कृतित्व ऐसी थी कि हम लोगों को यहां तक खींच लाई। मौके जिला अध्यक्ष दीपक सिंह, प्रदेश कार्यक्रम सचिव संजय सिंह, संतोष सिंह, ओम प्रकाश सिंह सहित कई लोग शामिल रहे।

### तालाब में डूबने से एक युवक की मौत जबकि दो की जान बची

**इचाक (हजारीबाग) :** थाना क्षेत्र के सिझुआ गांव निवासी आदित्य राज (उम्र 20 वर्ष, पिता राजेंद्र कुमार मेहता) की मौत तालाब में डूबने से हो गई । घटना रविवार को करीब तीन बजे दिन घटी । ग्रामीणों ने बताया कि मृतक युवक अपने गांव के ही एक दोस्त एवं बोंगा गांव के एक अन्य युवक समेत तीनों दोस्त मिलकर सिझुआ गांव के निचली तालाब मे नहाने के लिए गए थे । तीनो युवक तैरना नहीं जानते थे । इसी क्रम मे आदित्य राज गहरे पानी मे डूब गया । घटना रविवार को करीब तीन बजे दिन घटी । बताया जा रहा है कि तीनो युवक तालाब में नहाने उतरे पर पानी अधिक था। गांव का ही दोस्त एवं बोंगा गांव का युवक डूबने लगा। आदित्य दोनो को बचाने की कोशिश करने लगा। इस क्रम में दोनों छटपटाकर निकल गए एवं आदित्य गहरे पानी में डूब गया । दोनो युवकों के हल्ला करने पर गांव के लोग दौड़े एवं आदित्य को तालाब से बाहर निकाला।

## द ब्लैकबोर्ड में हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह

रांची, संवाददाता




**रांची :** डंगरा टोली स्थित संस्थान द ब्लैकबोर्ड में वर्ष 2025 के टॉपर छात्रों को एक रंगारंग कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री प्रदीप नरसिंहिया जी रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि तथा निदेशक सुशांत मिश्रा और विनय सिंह समेत साथी शिक्षकों ने किया।


कार्यक्रम में बच्चों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति भी की गई। इस कार्यक्रम में झारखंड टॉपर छात्रा प्राची प्रिय को ट्रॉफी, मेडल और पचास हजार रुपये देकर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि संस्थान के 40 बच्चों ने विज्ञान 12वीं की परीक्षा में 90% से ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं। साथ ही साथ राज्य के सभी प्रतिष्ठित स्कूल एवं कॉलेजों के टॉप टेन में अपनी जगह बनाई है। कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित करते हुए निदेशक सुशांत मिश्रा ने कहा कि यह बच्चों के कड़ी मेहनत एवं शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का परिणाम है कि संस्थान के बच्चों ने सभी स्कूल के टॉप टेन में अपना स्थान बनाया है और साथ ही साथ स्टेट टॉप 10 में भी अपना स्थान पक्का किया है।

इस अवसर पर सम्मानित होने वाले 12वीं के विद्यार्थियों में स्टेट टॉपर रैंक 4 मुस्कान कुमारी, रैंक 8 श्रेया सोनागिरी, रैंक 9 प्राची प्रिय तथा रैंक 10 अंकित कुमार प्रमुख हैं। वहीं कक्षा 10वीं की वैष्णवी कुमारी को स्टेट रैंक 10 में अपना स्थान बनाने के लिए सम्मानित किया गया है।

टॉपर बच्चों को मेडल और शील्ड के साथ-साथ स्मार्ट टीवी, टैबलेट, मोबाइल, साइकिल देकर सम्मानित किया गया।

## धनतेरस के बाजार नकाबपोश महिला चोर गैंग सक्रिय

चतरा, संवाददाता



**चतरा :** चतरा के धनतेरस बाजार में चोर गैंग सक्रिय है। गैंग में चार पांच की संख्या में महिलाएं सक्रिय हैं, जो नकाबपोश हैं। दूकानों में भीड़ भाड़ अधिक होने के कारण ये महिलाएं आराम से हाँथ साफ कर निकल जा रही हैं। इसी कड़ी में गैंग की महिला सदस्यों ने आरसी ज्वेलर्स से आभूषण उड़ा दिए। जिसका सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हो रहा है। वीडियो के आधार पर इन नकाबपोश चोरों को चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है। वैसे आप फुटेज (वीडियो) में देख सकते हैं कि किस प्रकार एक नकाबपोश महिला दुकान में आती है, एक महिला के पीछे खड़ी होकर दुकान की बकेट से एक अंगूठी उठाती है। वह उस अंगूठी को अपनी अंगुली में पहनती है। फिर निकालती है, फिर हाँथ थोड़ा नीचे करते हुवे उसे दूसरे हाँथ में लेते हुवे प्लास्टिक का कभर नीचे गिरा देती है और फिर दूसरे बकेट से दूसरा (अंगूठी या बिछिया) निकालकर देखने लगती है। और फिर उसे वहीं रखकर धीरे से निकल जाती है। आरसी ज्वेलर्स के संचालक ने अन्य दुकानदारों से भी इन नकाबपोश चोर महिलाओं से सावधान रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अगर ये महिलाएं कहीं भी पकड़े जाएं तो इन्हें पुलिस के हवाले करने का कार्य करें।

## राष्ट्रीय मंच पर चमकीं हजारीबाग की बेटियां पांचों खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

हजारीबाग, संवाददाता



**हजारीबाग :** मैसूर में 9 से 12 सितंबर तक आयोजित योगा फेडरेशन ऑफ इंडिया की गोल्डन जुबली सीनियर नेशनल योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 में हजारीबाग योग एसोसिएशन की पांच खिलाड़ी सृष्टि जैन, सौम्या, रेनू कुमारी, मधुबाला एवं अनिता गोस्वामी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का मान बढ़ाया। इस प्रतियोगिता में सृष्टि जैन ने अपने अद्भुत योग कौशल के बल पर अखिल भारतीय स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त किया। अब वह आगामी एशियन योगा चैंपियनशिप में भाग लेने की प्रमुख दावेदार बन गई हैं। यह उपलब्धि पूरे हजारीबाग जिले के लिए गौरव की बात है। हजारीबाग लौटने पर सभी खिलाड़ियों का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें युवा समाजसेवी सह ओलंपिक संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने पाँचों खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उनके उत्साहवर्धन के लिए शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर श्री अजमेरा ने कहा कि हजारीबाग की बेटियों ने योग के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का जो परिचय दिया है, वह पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। इतनी कम अवधि में हजारीबाग योग एसोसिएशन ने जिस ऊँचाई को छुआ है, वह प्रशंसनीय है। सृष्टि जैन जैसी प्रतिभाएं आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का नाम रोशन करेंगी।कार्यक्रम में हजारीबाग योग एसोसिएशन के संरक्षक एवं ओलंपिक संघ के वरीय उपाध्यक्ष भैया मुरारी सिन्हा,उपाध्यक्ष रीना सिंह,अशोक सिंह,सचिव रविंद्र कुमार,संयुक्त सचिव ज्ञानोदय कुमार, कोषाध्यक्ष रेनू कुमारी, शत्रुंजय कुमार एवं विकास कुमार दास उपस्थित थे।सभी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि योग के माध्यम से हजारीबाग की नई पीढ़ी पूरे देश में अपनी पहचान बना रही है।

## छठ घाटों में सुरक्षा एवं सुविधा रहे दुरुस्त, छठव्रतियों को नहीं हो परेशानी : विधायक



**साहिबगंज :** माननीय राजमहल विधायक आदरणीय मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा जी ने रविवार को छठ पूजा की तैयारी को देखते हुए राजमहल शहर के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किए. निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सदानंद महतो, नपं प्रशासक दानिश हुसैन व थाना प्रभारी हसनैन अंसारी मौजूद थे. विधायक ने पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की छठ पूजा समितियों से समन्वय स्थापित कर छठ घाट में सुविधा एवं सुरक्षा को दुरुस्त करना सुनिश्चित करेंगे. नगर क्षेत्र के सभी वार्ड के गली मोहल्ले एवं मुख्य सड़कों के साफ-सफाई के साथ-साथ जल छिड़काव एवं गंगा घाट पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था. सुरक्षा को लेकर गोताखोर एवं आपदा मित्र की प्रतिनियुक्ति तथा खरीदारी को लेकर बाजार में उत्पन्न होने वाली जाम की समस्या के निदान के लिए ट्रैफिक व्यवस्था को भी दुरुस्त कर बड़े वाहनों का परिचालन अन्य मार्ग से करना सुनिश्चित करेंगे. उन्होंने कहा कि जिन-जिन घाटों में खतरे का निशान रहेगा वहां बांस ब्रैकेटिंग भी कराना सुनिश्चित करेंगे. मौके पर झामुमो युवा जिला सचिव सह विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डू, नगर सचिव स्मित चौरसिया, जय कुमार यादव, राजीव बर्मन, अजय महलदार, देव दत्ता, पवन साहा, सोनू घोष, शुभम साहा, ओमजय कुमार, सुरज चौधरी, रितेश श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद थे.

### चौपारण: बरमोरिया पंचायत में ह्लवोट चोर गद्दी छोड़ह्व हस्ताक्षर अभियान का आयोजन

**चौपारण (हजारीबाग) :** प्रखंड के बरमोरिया पंचायत अंतर्गत हथिया गांव में रविवार को ह्लवोट चोर गद्दी छोड़ह्व हस्ताक्षर अभियान का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष बैजू गहलौत ने किया, जबकि संचालन मंडल अध्यक्ष नरेश साव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सह कांग्रेस जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल उपस्थित थे। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष भीम कुमार, कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी अरुण साहू, जिला उपाध्यक्ष डॉ. निजाम अंसारी, और कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने भी अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज की।इस हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से स्थानीय लोगों ने अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की और सामाजिक-राजनीतिक जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने जनता से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा, ह्लभाजपा जनता का वोट देने का अधिकार छीनना चाहती है, लेकिन कांग्रेस संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष करेगी। राहुल गांधी ने भाजपा की वोट चोरी को उजागर कर लोकतंत्र की हत्या का पदार्फाश किया है। अब जनता ही भाजपा को गद्दी से उतारकर जवाब देगी।ह्व उनका यह बयान स्थानीय लोगों में जोश भर गया और सैकड़ों ने हस्ताक्षर कर अभियान का समर्थन किया।

## बोरियो में अवैध खनन का बेखौफ खेल, खनन विभाग मुख्यदर्शक

साहिबगंज, संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत अंचल में पत्थर खदान लीजधारी और खनन विभाग की मिलीभगत का सनसनीखेज मामला उजागर हुआ है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मौजा बिन्देरी बंदरकोला में बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध पत्थर खनन को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिख कार्रवाई की मांग की है। पत्र में बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया है कि लीजधारक सत्यनाथ साह को जिला खनन कार्यालय, साहेबगंज द्वारा 4 एकड़ जमीन पर खनन की स्वीकृति दी गई थी, लेकिन उसने इसकी आड़ में करीब 20 एकड़ जमीन पर अवैध उत्खनन कर 200 करोड़ रुपये से अधिक के राजस्व की क्षति पहुंचाई है।

### जांच में पुष्टि, फिर भी कार्रवाई नहीं

बाबूलाल मरांडी के पत्र के अनुसार, उपप्रमुख कैलाश प्रसाद की शिकायत पर उपायुक्त साहेबगंज के निर्देश पर दो सदस्यीय जांच समिति गठित की गई थी, जिसकी अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी ने की। जांच में साफ पाया गया कि लीज की सीमा से बाहर अवैध खनन किया गया है। जांच प्रतिवेदन में स्पष्ट प्रमाण मिलने के बावजूद जिला खनन पदाधिकारी (उ्टड) और स्थानिय प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। उल्टे लीजधारक को खुली छूट मिल गई और उत्खनन बदस्तूर जारी रहा।

### शिकायतकर्ता को धमकी, फर्जी केस दर्ज

अवैध खनन के खिलाफ आवाज उठाने वाले बोरियो प्रखंड के उपप्रमुख कैलाश प्रसाद को लीजधारक सत्यनाथ साह के पुत्र द्वारा फर्जी मुकदमे में फंसाया गया और तत्कालीन थाना प्रभारी निरंजन कच्छप ने उन्हें हाजत में बंद कर दिया। उन्हें धमकी दी गई कि अगर अवैध खनन के खिलाफ आवाज उठाना बंद नहीं किया तो गंभीर अंजाम भुगतना पड़ेगा। कैलाश प्रसाद ने पुलिस महानिदेशक व आरक्षी उपमहानिरीक्षक, दुमका को पत्र लिखकर सुरक्षा और कार्रवाई की मांग की थी।

### खनन विभाग पर मिलीभगत के गंभीर आरोप

मरांडी ने पत्र में साफ तौर पर लिखा है कि स्थानीय खनन विभाग और थाना प्रशासन की 'निजी स्वार्थवश चुप्पी' ने अवैध खनन को बढ़ावा दिया है। एक ओर राज्य को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है, दूसरी ओर अवैध खनन करने वाले पत्थर व्यवसाइयों के हौसले बुलंद हैं।

### विगत वर्षों से लगातार हुई शिकायतें, लेकिन कुम्भकर्णीय नींद में विभाग

गौरतलब है कि उपप्रमुख कैलाश प्रसाद ने इस अवैध खनन के खिलाफ पिछले कई वर्षों से शिकायतें की हैं। बावजूद इसके न तो खनन विभाग ने कार्रवाई की और न ही स्थानीय प्रशासन ने इस खेल को रोकने की कोशिश की। अब नेता प्रतिपक्ष के दखल के बाद इस प्रकरण ने राजनीतिक रंग ले लिया है।

बोरियो में यह कोई पहला मामला नहीं है। पूरे साहेबगंज जिले में अवैध खनन लंबे समय से राजस्व चोरी का बड़ा जरिया बना हुआ है। सवाल है जब जांच में सब कुछ साफ हो चुका है तो कार्रवाई में देरी क्यों? क्या विभाग ऐसे अवैध खनन करने वाले व्यवसाइयों से मिला हुआ है? अब नजर राज्य सरकार और मुख्यमंत्री पर है कि क्या वे इस पर सख्त कार्रवाई करेंगे या एक और मामला फाइलों में दबकर रह जाएगा।

